पेड़ लगाएं
क्लास -७

पाठ का नाम -पेड़ लगाएँ

पाठ -३

PPT-5 प्रश्नोत्तर

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

पाठ्यपुस्तक के उत्तर

मौखिक

- (क) नंदन वन के जानवरों का हाल बुरा था।

(ख) चीकू ने जंगल छोड़कर जाने का सुझाव दिया।

(ग) वीरू ने बताया कि पेड़ों की कमी ही पानी की कमी का कारण है।

(घ) विज्ञान के अनुसार बारिश पेड़ों के कारण होती है।

(ङ) राजा ने रोज एक पेड़ लगाने का ऐलान किया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

लिखित

1.

किसने	किससे कहा?
(क) भीखू सियार ने	राजा से कहा।
(ख) वीरू ने	चीकू से कहा।
(ग) सुंदर ने	वीरू से कहा।
(घ) जीतू मोर ने	प्राणियों से कहा।
(ङ) राजा शेर ने	चीकू बंदर से कहा।

2. (क) नंदन वन में पीने के पानी की समस्या हो रही थी। राजा शेर ने पानी की समस्या से निदान पाने के लिए जंगल के प्राणियों से चर्चा की, तब चीकू बंदर ने बिना सोचे-समझे उत्तर दिया, क्यों न हम जंगल छोड़कर दूसरे जंगल चले जाएँ तब राजा शेर ने चीकू बंदर को समझाते हुए यह वाक्य कहा।

(ख) पानी की समस्या को लेकर जब चर्चा चल रही थी तब हर कोई अलग-अलग राय तथा सुझाव दे रहे थे, तब चीकू ने उत्सुकतावश वीरू हाथी से इसका कारण पूछा।

(ग) यह वाक्य वीरू ने कहा कि पेड़ लगाने से अधिक बारिश होती है, उसने सभी जानवरों को यह बात समझाई।

(घ) जंगल में पानी की समस्या थी। तब हर किसी ने अलग-अलग सुझाव दिए, लेकिन वीरू ने वैज्ञानिक कारण को स्पष्ट करते हुए बताया कि पेड़ लगाने से पानी की समस्या दूर होगी। सभी को यह बात समझ में आई और सभी ने वीरू का धन्यवाद किया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

3. (क) जंगल में पानी की समस्या थी।

(ख) सभी जानवरों ने अलग-अलग दुख व्यक्त किए, जैसे- जीतू मोर ने कहा कि वर्षा न होने के कारण वह वर्षा में नाच न सका, झुमरू जिराफ ने हरे पत्ते खाने को न मिलने पर दुख व्यक्त किया।

(ग) जंगल में पेड़ काटने से पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी।

(घ) सभी प्राणियों ने हर रोज एक पेड़ लगाने का प्रण लिया।

4. (क) 'आज सारे विश्व की सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण दूषित होना है। पूरा वातावरण दूषित हो गया है। वाहनों की संख्या बढ़ गई है, उनसे निकलने वाला धुआँ वायु को प्रदूषित करता है, फैक्ट्रियों से निकलता धुआँ भी वायु मालिन्य का कारण है। नदी-नालों की जगह अब घर बन रहे हैं। नदी-नाले, ताल सब सूख गए हैं, जिसके कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। सारी गंदगी नदी, नालों, सागर आदि में छोड़ी जाती है, सारा पानी गंदा हो जाता है जिससे कई समस्याएँ तथा बीमारियाँ फैल रही हैं। प्लास्टिक एक समय वरदान था, लेकिन अब वह सबसे बड़ी समस्या बन गया है। ध्वनि प्रदूषण भी पर्यावरण को हानि पहुँचाता है। मनुष्य का जीवन पर्यावरण से जुड़ा है, लेकिन मनुष्य पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहा है, जंगलों का विनाश और सागर, नदियों को हानि पहुँचाकर मनुष्य अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार रहा है।

पर्यावरण की रक्षा मनुष्य की रक्षा है। वरना आने वाली पीढ़ी के लिए जंगल, पेड़, नदी-नाले सभी काल्पनिक हो जाएँगे।

(ख) पेड़ लगाना एक महान कार्य माना जाता है। हमारी भारतीय संस्कृति में तरू की देखभाल को पुत्र की देखभाल के समान माना गया है। पेड़ वायु को शुद्ध रखने की क्षमता रखते हैं। पेड़ की जड़े मिट्टी को बाँधे रखती है। बारिश होने में पेड़ का योगदान है। पेड़ों से शीतल हवा मिलती है। इस कारण पुराणों में पेड़ को काटना पुत्र हत्या के समान माना गया है। पेड़ों के कारण ही धरती सुजलाम-सुफलाम बनती है।

भाषा ज्ञान

1. (क) बंदरिया (ख) हथिनी (ग) मोरनी (घ) सियारनी
   (ङ) बैल (च) शेरनी
2. (क) सरदी (ख) असंभव (ग) असुंदर/कुरूप
   (घ) अशांत (ङ) कम (च) सवाल
3. (क) एक (ख) दो किलो (ग) दो लीटर (घ) अनेक (ङ) दो मीटर
4. (क) सर्वज्ञ (ख) शाकाहारी (ग) सुनार (घ) अनाथ (ङ) मितभाषी

विषय संवर्धक क्रियाकलाप

सोचिए और बताइए

- छात्र स्वयं करेंगे।

क्रिया-कलाप

1. छात्र स्वयं करेंगे। 2. छात्र स्वयं करेंगे।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP